# 'किसान, युवा, महिला एवं मजदूर के उत्थान में कारगर साबित हो रहा अंत्योदय संबल पखवाड़ा'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगोद में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का अवलोकन किया

- 'पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा'
- अंत्योदय के संकल्प के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

**कोटा/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांवों में किए जा रहे कार्य विकसित भारत-विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के गांवों में दिव्यांगों, महिलाओं, बुजुर्गों और वंचितों का उत्थान सरकारी योजनाओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित कार्य एक ही स्थान पर किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की राह आसान हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को कोटा के सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर और सुपोषित मां अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।


कोटा में मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ने सुपोषित मां अभियान के तहत किट प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियां- किसान, युवा, महिला एवं मजदूर बताई हैं। उनकी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की पहल की है जिसके अंतर्गत 24 जून से 9 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से व्यापक कार्य कर इन वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा। इसमें पांच हजार गांवों का सर्वे हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कोटा जिले के विकास के लिए 3 हजार 30 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 26.24 करोड़ रुपए की लागत से परवन नदी पर बने हाईलेवल ब्रिज तथा 45 करोड़ रुपए की लागत से कालीसिंध नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। साथ ही, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ग्राम कनवास में 41.87 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने सांगोद में 16.69 करोड़ रुपए की लागत से डलने वाली सीवरेज लाइन और ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस विचारधारा का सजीव रूप है, जिसमें समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण का संकल्प निहित है। राज्य सरकार ने इसी सोच के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की है ताकि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। बिरला ने कहा कि हम किसानों को समय पर बिजली, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली देने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। हर गांव को सड़क, अस्पताल और स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बिरला ने सुपोषित मां अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण आहार और अन्य जरूरी सहायता दी जा रही है। यह अभियान केवल मां और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक संस्कारित और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण का प्रयास भी है।

इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अंत्योदय संबल शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर आमजन को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर तीन दिव्यांगों को बैटरी चलित साइकिल एवं पांच मेधावी बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक संदीप शर्मा और कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**अधेड़ का शव मिला :** पावटा के विराटनगर थाना क्षेत्र के तेवड़ी गांव में घाटी के जंगलों में सोमवार शाम को एक अधेड़ का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। मृतक की पहचान प्रहलाद (55) पुत्र मूलचंद निवासी गुढ़ा चुरानी थाना के रूप में हुई।


### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर राजस्थान

क्रमांक/न.पा.बि./रोषनी/2025/1485 दिनांक :- 25/06/2025

**निविदा सूचना 01 वर्ष 2024-25**

नगरपालिका बिजयनगर द्वारा पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में E-Procurement प्रकिया से www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तो व अन्य विस्तृत जानकारी इंटरनेट वेब साईट www.sppp.raj.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | : | 01 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | : | रू 35.49/- लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | ........../........../2025 अनुमानित लागत की दो प्रतिशत |
| ऑन लाईन निविदा फार्म प्राप्त करने व जमा करवाने की दिनांक | : | 06/07/2025 प्रातः 11.00 बजे से 15/07/2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क डी.डी., धरोहर राशि डी. डी एवं प्रोसेसिंग शुल्क डी.डी. भौतिक रूप से जमा कराने की अंतिम दिनांक | : | 16/07/2025 दोपहर 12:00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | : | 17/07/2025 सांय 1:00 बजे |

उक्त निविदा का NIB Code :- DLB2526A3220

नोट :-निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर के नाम से एवं प्रोसेसिंग शुल्क Managing Director, RISL payable at Jaipur के नाम से एवं ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (D.D) निविदा जारी होने कि दिनांक के बाद के होने चाहिए।

अध्यक्ष नगरपालिका बिजयनगर — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

राज.संवाद/सी/25/5684



### कार्यालय श्री साँवलियाजी मंदिर मण्डल
मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/लेखा/श्री सामम/2025-26/652 दिनांक:-05.07.2025

**-:ई-निविदा सूचना संख्या-04/2025-26:-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु पंजिकृत व योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत विवरण व अन्य शर्ते www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 07/07/2025 को प्रात: 09:00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 16/07/2025 सायं 06:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है जिनकी तकनीकी निविदाएं दिनांक 17/07/2025 को दोपहर 12:00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा संबंधी शुल्क व राशियां प्रपत्र अंकित बैंक खाते में जमा करवानी होगी।

| क्र. | कार्यो का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1. | Maintenance & Repair work of various road of S.S.M.M. Mandfiya | 50.00 | SMM2526WLOB 00004 |
| 2. | Levelling Dressing & Formation Base of various Parking at S.S.M.M. Mandfiya | 155.46 | SMM2526WLOB 00005 |
| 3. | श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के पार्किंग स्थलों का निर्धारित स्थलों का निर्धारित शुल्क पर संचालन व रख-रखाव कार्य | 100.00 | SMM2526SLOB 00006 |

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल


## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** सायरा थाना क्षेत्र में युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार बलाला थाना खमनोर राजसमन्द निवासी खेमराज (30) पुत्र डालू गमेती ने सायरा थाना क्षैत्र भानपुरा गांव में स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। खेमराज की तबीयत खराब होने से गत दिनों वह घर से पिपाणा माताजी मंदिर जाने के लिए निकला था। वापस घर नहीं पहुंचने पर 30 जून को खमनोर पुलिस थाने में पत्नी मांगीबाई ने एमपीआर दर्ज करवाई थी। चार जुलाई को सायरा थाना क्षैत्र भानपुरा गांव में स्थित कुएं में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। इसका पता चलने पर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतक को बाहर निकाल शिनाख्तगी नहीं होने पर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया था, जिसका सात जुलाई को उसकी पत्नी मांगीबाई व परिजनों ने मृतक की खेमराज के रूप में शिनाख्त की थी। सूचना मिलने पर सायरा पुलिस थाने के हेडकांस्टेबल सुखाराम ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी को टक्कर मारी, दो युवकों की मौत

- केंट्रा गाड़ी में सब्जी लेकर जयपुर जा रहे थे दोनों युवक
- केंट्रा गाड़ी का टायर पंक्चर होने पर सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर अन्य वाहन का इंतजार कर रहे थे

**नदबई, (निसं)।** आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लुलहारा के समीप रविवार तड़के करीब दो बजे, ट्रक ने असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़ी केंट्रा गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान टक्कर इतनी जर्बदस्त हुई कि, केंट्रा सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर डहरामोड़ चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उपचार दौरान घायल युवक की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस सूत्रों की मानें तो यूपी किरावली थाना क्षेत्र के गांव कुर्रा नगला निवासी विष्णु शर्मा पुत्र बनवारीलाल शर्मा, अपने साथी महुअर निवासी राजन लोधा राजपूत पुत्र गुलाब लोधा राजपूत के साथ केंट्रा गाड़ी में सब्जी लेकर जयपुर जा रहा। इसी दौरान लुलहारा के समीप केंट्रा गाड़ी का टायर पंक्चर हो गया। सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर, दोनों अन्य वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़ी केंट्रा गाड़ी में टक्कर मार दी, जिसके चलते विष्णु शर्मा की मौके पर मौत हो गई, जबकि, राजन लोधा राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को भरतपुर चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां, उपचार दौरान घायल राजन लोधा की भी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने भरतपुर चिकित्सालय में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद ट्रक चालक व परिचालक फरार हो गए।

## सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाइवे-52 पर महुआ कट के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से महुआ निवासी दो चचेरे भाइयों की घटना स्थल पर मौत हो गई। दोनों भाई खेत से वापस पैदल गांव लौट रहे थे, इसी दौरान रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, इसके बाद चालक गाड़ी को भगाकर ले गया। मौके पर आये ग्रामीणों ने जाम लगाकर पुलिस को सूचना दी, जहां मौके पर मेहंदवास थाना प्रभारी ओमप्रकाश जाप्ते के साथ पहुंचे और समझाइश कर जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने शवों को सआदत अस्पताल में ले जाकर पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द किया।

महुआ निवासी युवक दीपक भील और सोदान भील जो सोमवार सुबह पैदल ही खेत से गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में जयपुर-कोटा नेशनल हाइवे पर महुआ कट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार दीपक की 2 माह पहले ही शादी हुई थी, उधर गांव में शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**उदयपुर, (निसं)।** नाई थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई तथा पुत्र घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम बलीचा से झाड़ोल मार्ग नांदेश्वर रोड़ के समीप कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक वालूराम (29) पुत्र थावरचंद खोखरिया निवासी मासिंगपुरा वाघपुरा तथा उसका पुत्र वीरा (7) गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां वालूराम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर नाई पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल ललित नागदा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। 6 जुलाई शाम वालूराम बाइक पर अपने पुत्र को लेकर वलिचा से गांव लौट रहा था, जहां बीच रास्ते घटना स्थल पर सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, वृत कोटपूतली-बहरोड

क्रमांक-अ.अ./जन स्वा/कोट-बह/2025-26/858 दिनांक-23.06.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-17/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से जन स्वा0 अभिः विभाग मे पजींकृत सर्वेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत सगंठनो / केन्द्रीय लोक निमार्ण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि मे पजीकृत सर्वेदको जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेट प्रकिया के तहत ऑन लाइन निविदाएँ आमन्त्रितं की जाती है।
निविदा फार्म आनें लाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in निर्धारित अवधि में प्रातः 900 बजे से सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाइन निविदाएं इसी वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर इच्छुक संवेदको द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्धारित अवधि में सांय 5.00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड निर्धारित तिथि को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी।
निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता ऑनलाईन चालान द्वारा जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा0 अभि विभाग खण्ड, बानसूर के नाम देय होगी। तथा प्रक्रिया शुल्क मेनेजिंग डायरेक्टर आरएसआईएल जयपुर के नाम देय होगी। इस कार्यालय में निम्न विवरण में अंकित दिनांक 20.05.2025 प्रातः 11.00 बजे तक आनलाईन चालान के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक सवेदको को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत लाखो में | 172.50 लाख (01 कार्य) |
| कुल धरोहर राशि लाखो मे | 3.45 लाख (01 कार्य) |
| निविदा शुल्क की कुल राशि | 0:05 लाख |
| निविदा डाउनलोड करने की अतिम तिथि | 23.06.25 से 14.07.25 सांय 6:00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अतिम तिथि | 23.06.25 से 14.07.25 सांय 600 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 15.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे |
| 17/2025-26 PHE2526WSOB04019 UBN No. | NIB NO PHE2526A1944 |

(रामनिवास यादव)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा अभि. विभाग वृत कोटपूतली

DIPR/C/8995/2025



### RAJASTHAN SAMWAD
Department of Information and Public Relations, Government Secretariat, Jaipur-302005
(Telephone No. 0141- 2227325, E-mail id :- dipr.rajasthan@gmail.com, rajasthansamwad2002@gmail.com)

**NOTICE INVITING BIDS**
**NIB No. 51 Date : 07/07/2025**

Bids for **Providing Courier Services for Delivering Printed Materials etc. at Various Places in Rajasthan & Outside** are invited from interested bidders up to 05:00 PM Dated 18/07/2025. The approximate value of the procurement is **Rs. 40 Lakh.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state; and **https://dipr.rajasthan.gov.in.**

UBN : IPR2526SLRC00010

Raj.Samwad/C/25/5695 Managing Director



1.2 Abridged NIB 04/2025-26

### SE CUM PROJECT MANAGER, WATERSHED CELL CUM DATA CENTRE, ZILA PARISHAD SAWAI MADHOPUR

File no./765 Date:-25.06.2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 13,14/YEAR 2025-26**

Bids for (02 packages) construction of various Kachcha and Pukka works under PMKSY 2.0 in Sawai Madhopur district of estimated value INR 290.28 LACs (263.20+27.08) are invited from interested bidders up to 6:00 PM DATE 09.07.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, and departmental website WWW.WATERSHED.RAJASTHAN.GOV.IN.

NIB Code-WSC2526A0378
UBN NO-WSC2526WSOB00628
UBN NO- WSC2526WSOB00629

SE CUM PROJECT MANAGER WATERSHED SELL CUM DATA CENTRE ZILA PARISHAD SAWAI MADHOPUR

DIPR/C/9215/2025



### ERCP Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited
Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017 Tel: 0141-2709667 Email: ceercpc@gmail.com

No. :- 1813 Date :- 02/07/2025

**NIB No. - ERCPCL/17/2025-26**

On behalf of the Governor of Rajasthan, bid for "Rate contract Services of 07 Autocad Operator for ERCPCL offices at ERCPCL PMU Jaipur & ERCPCL SPIU Tonk, Bundi, Baran-I, Baran-II, Kota-I, Kota-II for the Year 2025-26" are invited from interested bidders up to 01.00 PM 14.07.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp** of the state. The approximate value of the procurement is Rs 22.00 Lacs.

NIB Code : ERP2526A0021, UBN No. : ERP2526SLRC00023

Raj.Samwad/C/25/5634 MD cum Chief Engineer



### LIVESTOCK RESEARCH STATION KODAMDESAR
RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES, BIKANER

No. :- F ( )LRS/Kodemdesar/2025-26/36 Dated :- 04/07/2025

**खुली निविदा सूचना (01/2025-26)**

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, कोडमदेसर में स्थित गायों का केवल शाम के समय का दूध विक्रय हेतु दैनिक राशि जमा कराकर अवधि 01.08.2025 से 31.07.2026 तक के लिए मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय पशुधन अनुसंधान केन्द्र, कोडमदेसर बीकानेर से 1000 रूपये जमा कराकर खरीदा जा सकता है। निविदा फार्म दिनांक 17.07.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक रूपये 50,000 धरोहर राशि बैंकर चैक/डी.डी के साथ जमा कराया जा सकता है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 17.07.2025 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। UBN : VAU2526GLOB00049, NIB : VAU2526A0049

राज.संवाद/सी/25/5645 प्रभारी अधिकारी



### परीक्षा नियंत्रक कार्यालय
स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमॉक :- स्केराकृविवि/परीक्षा/ग्रुप.4/2025/5185-87 दिनांक :- 03/07/2025

**खुली निविदा सूचना 01/2025**

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा कम्प्यूटर कार्य हेतू उच्च कुशल श्रमिक की आवश्यकता हेतू मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.07.2025 को 2.00 बजे तक हैं। निविदा का पूर्ण विवरण एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.raubikaner.org व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB Code : SKA2526A0024
UBN No. : SKA2526SSRC00041

राज.संवाद/सी/25/5642 परीक्षा नियंत्रक


# करौली में मूसलाधार बारिश, पांचना बांध के गेट खोलने की तैयारी

- 'निर्धारित गेज 258.62 के स्थान पर 257.90 मीटर तक पानी पहुंचने के बाद पांचना बांध से पानी की निकासी शुरू कर दी जाएगी'
- बरखेड़ा नदी में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई, एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीम ने शव को पानी से बाहर निकाला

**करौली, (निसं.)।** जिला मुख्यालय पर बीती रात आई मूसलाधार बारिश से शहर पानी से तरबतर हो गया। कई जगह पानी भराव के कारण लोगों का आवागमन ठप हो गया तो वहीं पांचना बांध के गेट खोलने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

करौली जिला मुख्यालय पर बीते दो दिन से तेज गर्मी और उमस से लोगों का बुरा हाल था, लेकिन रविवार की रात बारह बजे के बाद एक साथ आई मूसलाधार बारिश से शहर पानी से तरबतर हो गया और प्रात: तक पानी की निकासी नहीं हो पाई। वजीरपुर गेट से कलेक्ट्रेट सर्किल को जाने वाला मार्ग, पावर हाउस रोड एवं केशवपुरा पुलिया से होली खिड़कियां जाने वाला सड़क मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया इस दौरान प्रात: के समय स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों, मदन मोहन जी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित प्रात: के समय दूध की सप्लाई करने वाले दूधिया लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी और पानी में से होकर निकलना पड़ा। इस दौरान कई मोटरसाइकिलें पानी में बंद हो जाने के कारण लोग परेशान रहे। करौली शहर के सायनाथ खिड़कियां बाहर स्थित वीर हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ चल रहा है। एक साथ आई बारिश से मेडकी का पानी मंदिर परिसर में घुस गया और मंदिर में अंदर तक पानी पहुंचने के कारण रामायण का पाठ कर रहे भक्तों को खड़े रहकर रामायण का पाठ जारी रखना पड़ा।

करौली शहर की भद्रावती और बरखेड़ा नदी में जबरदस्त पानी की आवक होने के कारण पांचना बांध में भी पानी की आवक बढ़ गई और लगातार बढ़ती आवक को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी सतर्क और मुस्तेद नजर आए। बांध की भराव क्षमता को देखते हुए अधिकारियों ने पंचना बांध से गेट खोलकर पानी की निकासी की तैयारी शुरू कर दी है।

विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील गुप्ता, एईएन वीर सिंह जाटव, जेईएन भवानी सिंह ने बताया कि लगातार पानी की आवक बनी हुई है। निर्धारित गेज 258.62 के स्थान पर 257.90 मीटर तक पानी पहुंचने के बाद पांचना बांध से पानी की निकासी शुरू कर दी जाएगी। इससे पूर्व गंभीर नदी क्षेत्र के लोगों को भी सचेत और अलर्ट कर दिया गया है कि लोग स्वयं एवं अपने पशुओं को नदी क्षेत्र में नहीं आने दें।

नदियों में बढ़ रही पानी की आवक को देखते हुए बरखेड़ा नदी में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार, पटवारी और एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और चार घंटे रेस्क्यू के बाद मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान रामबाबू (45) पुत्र रामजी लाल माली निवासी पांचना कॉलोनी करौली के रूप मे हुई है।

## एटीएम कार्ड बदल राशि निकाली

**नदबई, (निसं)।** नदबई में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने एक महिला को चकमा देते हुए एटीएम कार्ड बदला, बाद में महिला के बैंक खाते से करीब 62 हजार की नगदी पार कर फरार हो गए। पीड़ित महिला की सूचना पर पुलिस ने जांच करते हुए अज्ञात बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नहीं मिल सकी। विभागीय सूत्रों की मानें तो गांव न्योंठा निवासी शीला देवी, अपने एटीएम कॉर्ड से राशि निकालने के लिए रेलवे फाटक समीप बडौदा बैंक के एटीएम पर गई। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाशों ने झांसा देते हुए पहले, एटीएम कार्ड बदला। बाद में पीड़िता के बैंक खाते से 62 हजार की नगदी निकालते हुए मौके से फरार हो गए। मोबाइल पर राशि निकलने का मैसेज आने पर पीड़ित महिला को घटना के बारे में पता चला।


### कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-भीनमाल
Tel : 02969-220120, Email : cebhi.jal.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- भीनमाल/निविदा/त.स./2025-26/929-939 दिनांक : 25.6.2025

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 04-08/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334(ए) (iii) के तहत रु. 150.00 लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, जार संचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है :-

| बिड संख्या | NIB No. PHE2526A1980 | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2% | बिड शुल्क (रुपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04/2025-26 | UBIN No....... PHE2526WSOBO4078 | 27.76 | 55520/- | 1000/- | 500/- | 02 Month |
| 05/2025-26 | PHE2526WSOBO4079 | 13.08 | 26160/- | 1000/- | 500/- | 02 Month |
| 06/2025-26 | PHE2526WSOBO4081 | 27.39 | 54780/- | 1000/- | 500/- | 02 Month |
| 07/2025-26 | PHE2526WSOBO4082 | 13.91 | 27820/- | 1000/- | 500/- | 02 Month |
| 08/2025-26 | PHE2526WSOBO4083 | 11.85 | 23700/- | 1000/- | 500/- | 02 Month |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | 27.06.025 |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि | 10.07.2025 को 2.00 पी.एम. |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | 11.07.2025 को 6.00 पी.एम. |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
खंड भीनमाल

DIPR/C/8994/2025


# कांग्रेस के बागी नेता देवेन्द्र मीणा के यहां आयकर का छापा

- उदयपुर स्थित आवास एवं मुंबई में स्थित एक व्यवसायिक संस्थान पर छापा मारा

**उदयपुर, (कासं)।** आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को उदयपुर के कांग्रेस नेता देवेन्द्र मीणा के उदयपुर स्थित आवास एवं मुंबई में स्थित एक व्यवसायिक संस्थान पर छापा मारा है।

आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को कांग्रेस नेता देवेन्द्र कुमार मीणा के उदयपुर के सेक्टर-13 स्थित आवास पर कार्रवाई के साथ ही उनके मुबई स्थित एक प्रतिष्ठान पर भी कार्रवाई की है। हालांकि विभाग ने अभी तक खुलासा नहीं किया है कि कार्रवाई में की कुछ मिला है। विभाग की टीम कहां से आई है और किस अधिकारी के निर्देशन में कार्रवाई चल रही है अभी पता नहीं चला है। टीम के साथ स्थानीय पुलिस कुछ जवान भी तैनात है। विभाग की कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय है कांग्रेस नेता देवेन्द्र मीणा उस समय चर्चा में आये थे जब उन्होंने 2013 के विधानसभा चुनाव में उदयपुर ग्रामीण सीट पर कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार सज्जन कटारा के विरुद्ध ताल ठोकते हुए बागी के रूप में चुनाव लड़ा था और कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा था।

## रेगिस्तान में सेना का शक्ति प्रदर्शन

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** राजस्थान से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सेना अपना दमखम दिखाकर तकनीक के साथ अभ्यास कर रही है। जैसलमेर से लगती पाकिस्तानी सीमा के अथाह रेगिस्तान में चल रहे भारतीय सेना के अभ्यास में जवान एडवांस्ड बैटल ड्रिल्स, सटीक निशाने और बेमिसाल गतिशीलता के साथ कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अभ्यास में सेना ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सैटेलाइट टेक्नोलॉजी जैसी मॉडर्न तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है। सीमाओं पर हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और दुश्मन की हर साजिश को पल भर में नाकाम किया जा रहा है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, वृत्त धौलपुर
E-mail ID: se.dho.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः- 935-40 दिनांकः- 27-06-2025

**ई-निविदा सूचना 01-02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू.एफ.एण्ड.ए.आर. पार्टना अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.7.99 से लागू एवं समय समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रो (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं जो निविदा प्रपत्रो में वांछित योग्यता रखते हों से निम्न कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदाये आमंत्रित की जाती है। यह निविदा सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा प्रपत्र https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते है।

| NIT No. | Name of Work | Estt. Cost (Rs.in lacs) | Tender Fees in Rs. | EMD in Rs. | | Last date and time in Bid downloa-ding & Submission | Bid opening date & time | Completion period A2014 | NIB No. PHE2526 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2% | ½% | | | | |
| 01/2025-26 | Annual Rate Contract for providing House-hold Service Connections (HSCs) including one Year Defect Liability Period under the Jurisdiction of Division Bari | 120.00 | 2000/- | 240000 | 60000 | upto 21.7.25 60.00 PM | 22.7.25 11.00 AM | 12 months | UBN is: PHE2526 WSRC 04127 |
| 02/2025-26 | Annual Rate Contract for providing Household Service Connections (HSCs) including one Year Defect Liability Period under the Jurisdiction of Division Dholpur | 100.00 | 2000/- | 200000 | 50000 | upto 21.7.25 60.00 PM | 22.7.25 11.00 AM | 12 months | UBN is: PHE2526 WSRC 04128 |

NOTE :-
1. Tenders shall be procured and submitted only in electronic format only website http//eproc.rajasthan.gov.in
2. Bidder who intended to participate in bidding will have to procure digital certificate as per IT Act to sign their electronic bids others which are not digitally signed will not be accepted Bidder shall submit their offer in electronic format on above mentioned website after digitally signing the same.
3. If holiday is declared on the date(s) of submission & opening of tender the scheduled activity will take place on the next working day.

(राजकिरण यादव)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग वृत्त धौलपुर

DIPR/C/9108/2025